रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2645] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 10, 2015/अग्रहायण 19, 1937
No. 2645] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 10, 2015/AGRAHAYANA 19, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर, 2015

का.आ. 3331(अ).-- निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

2. ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

नमदफा व्याघ्र आरक्षित 1807.82 किलोमीटर के क्षेत्र को घेरे हुए है जिसे धारा 38 फ के अधीन अधिसूचना संख्या सीडब्ल्यूएल/डी 21(11)/06-07/3253-3512 तारीख 24 दिसंबर , 2007 द्वारा बाघ, सह शिकारी, शिकार आधार और उनके निवास को अनातिक्रांत क्षेत्र के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करने के लिये अधिसूचित किया गया है ;

यह कि 245 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र से घिरे और उक्त वन्यजीव (संरक्षण)अधिनियम, 1972 के अधीन अधिसूचना सं.सीडब्ल्यूएल/डी21(67)/2010-11/797-874 तारीख 15 जून, 2012 द्वारा अधिसूचित नमदफा व्याघ्र आरक्षित का उभयप्रतिरोधी जोन, प्रमुख क्षेत्र के साथ देश में सबसे बडें उष्णकटिबंधी वर्षा वन के संक्रामक ब्लांक में सें एक है और उत्तर - पूर्व भारतीय वन के भीतर संसक्ति बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्षेत्र में जल और शासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा मोटे तौर पर क्षेत्र के

जंगल के प्रकार, उष्णकटिबंधी आर्द्र अर्ध सदाहरित से लेकर सदाहरित वन तक, उप उष्णकटिबंधी चौडी वाले वन और उप शीतोष्ण चौडी वाले वन है।

यह कि पारिस्थितिकीय और पर्यावरण दृष्टी से पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में नमदफा व्याघ्र, आरक्षित क्षेत्र, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, को सुरक्षित और संरक्षित करना आवश्यक है तथा उक्त पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में उद्योगों के प्रचालन या प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अरुणाचल प्रदेश में नमदफा व्याघ्र आरक्षित की सीमा शून्य से 1400 मीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को नमदफा व्याघ्र आरक्षित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकीय संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का विस्तार, नमदफा व्याघ्र आरक्षित की सीमा शून्य से 1400 मीटर तक है।
2. पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का विस्तार उत्तर की ओर शून्य मीटर है जहां नमदफा व्याघ्र आरक्षित और कमलांग वन्यजीव अभयारण्य की सामान्य सीमा है और पूर्व की ओर शून्य मीटर है तथा दक्षिण में भारत मयनमार की अंतरराष्ट्रीय सीमा की भागीदार है।
3. पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का क्षेत्र 4314.30 हेक्टेयर है तथा ऐसे जोन की सीमाओं का विवरण निम्न अनुसार है

उत्तर भूनिर्देशांक 96°23'43.867 " पूर्व और 27°39'2.059 " उत्तर बिंदु से प्रारंभ होकर , सीमा लगभग 500 मीटर तक नमदफा व्याघ्र आरक्षित की उत्तरी पश्चिम सीमा पर चम्पई बम तक पूर्व की ओर जाती है।

पूर्व पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा का विस्तार पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा का विस्तार नमदफा राष्ट्रीय उदान की पश्चिम सीमा के साथ साथ चलते हुए भू निर्देशाक 96°27'6.703" पूर्व तथा 27°18' 5.47 " उत्तर पर राष्ट्रीय उद्यान की पश्चिम सीमा के प्रारंभिक बिंदु तक है

(2) **पश्चिम** भू निर्देशांक 96° 26' 39.986" पूर्व और 27° 18' 58.014" उत्तर, 96° 26' 3.665" पूर्व और 27° 19' 39.816" उत्तर, 96° 25' 27.345" पूर्व और 27° 20' 31.213" उत्तर, 96° 25' 49.27" पूर्व और 27° 21' 21.924" उत्तर, 96° 24' 51.025" पूर्व और 27° 21' 33.574" उत्तर, 96° 23' 44.553" पूर्व और 27° 22' 24.285" उत्तर 96° 23' 8.233" पूर्व और 27° 23' 3.346" उत्तर, 96° 21' 41.201" पूर्व और 27° 23' 8.828" उत्तर, 96° 20' 44.323" पूर्व और 27° 13' 13.107" उत्तर, 96° 20' 14.885" पूर्व और 27° 23' 22.534" उत्तर, 96° 18' 30.00" पूर्व और 27° 24' 22.839" उत्तर, 96° 18' 41.657" पूर्व और 27° 25' 8.068" उत्तर, 96° 18' 38.23" पूर्व और 27° 25' 39.591" उत्तर, 96° 18' 40.971" पूर्व और 27° 26' 33.043" उत्तर, 96° 18' 21.784" पूर्व और 27° 28' 8.445" उत्तर, 96° 16' 40.361" पूर्व और 27° 29' 38.07" उत्तर, 96° 16' 17.062" पूर्व और 27° 30' 50.71" उत्तर, 96° 18' 59.474" पूर्व और 27° 31' 48.274" उत्तर, 96° 20' 22.394" पूर्व और 27° 31' 24.289" उत्तर, 96° 21' 53.536" पूर्व और 27° 31' 58.248" उत्तर, 96° 23' 2.065" पूर्व और 27° 30' 37.69" उत्तर, 96° 22' 58.897" पूर्व और 27° 31' 55.812" उत्तर, 96° 23' 13.03" पूर्व और 27° 35' 10.433" उत्तर, 96° 23' 58.994" पूर्व और 27° 35' 50.18" उत्तर, 96° 24' 29.096" पूर्व और 27° 37' 39.825" उत्तर पर बिंदुओं से होते हुए सीमा 96° 23' 43.867" पूर्व और 27° 39' 2.059" उत्तर भू-..... के ..... बिंदु तक जाती है

(3) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र, इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) केन वन्यजीव अभयारण्य के प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर कोई ग्राम नहीं आता है।

2. पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

(3) चूंकी नमदफा व्याघ्र आरक्षित का उभयप्रतिरोंधी जोन पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का भाग है इसलिए आंचलिक महायोजना तैयार करते समय उभयप्रतिरोधी जोन से संबधित व्याघ्र संरक्षण योजना पर भी विचार किया जायेगा

(4) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्टी रूप में ऐसी रीती में तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हो, द्वारा तैयार होगी

(5) आंचलिक महायोजना, इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित सभी संबद्ध विभागो के परामर्श से तैयार होगी अर्थात:-

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिक ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ; और

(viii) अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ।

(6) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और अधिक प्रभावी और पारिस्थितिकीय अनुकूल क्रियाकलाप कारक इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो ।

(7) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(8) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिकीय अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की आजीविका को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्र.सं. 27, 30, 37 और 42 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग,

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(iii) वर्षा जल संचयन; और

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण शिल्पी भी हैं :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में पाई जाने वाली कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल-स्रोत --** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार राष्ट्रीय व्याघ संरक्षण प्राधिकरण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा पारिस्थितिकीय पर्यटन राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक के अनुसार, होगा जिसमें पारिस्थितिकीय पर्यटन, पारिस्थितिकीय शिक्षा और पारिस्थितिकीय विकास को महत्व दिया जायेगा और पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) नमदफा व्याघ आरंक्षित की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर पर्यटन क्रियाकलाप के लिए अस्थायी निवास स्थान के सिवाय होटल और रिसार्ट मे नए संनिर्माण अनुज्ञात नही होगे।

परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी के आगे पारिस्थितिकीय संवेदी जोन तक नए होटल और रिसार्टो का स्थापित करने के लिए अनुज्ञा पूर्व परिभाषित और पदाभिहित क्षेत्रो में केवल पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकीय पर्यटन सुविधाओं के लिए दी जाएगी ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाओं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाई जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और अहातों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएंगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण --** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण --** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण --** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण, और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 को प्रकाशित नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण, और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(11) **यानीय परिवहन -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(12) **औद्योगिक इकाइयां-**

(क) विधी के अनुसार स्थापित काष्ठ आधारित विद्यमान उद्योगो के सिवाय प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर किसी नए काष्ठ आधारित उद्योगो का स्थापित करने की अनुज्ञा नही होगी।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर जल, वायु मृदा ध्वनि प्रदुषण कारित करने वाले किसी नए उद्यागो को स्थापित करने की अनुज्ञा नही होगी।

4.पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।

2.	आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर किसी नए और प्रदूषण कारित करने वाले विद्यमान उद्योगों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
5.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
6.	नई बृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
7.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
8.	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
9.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
10.	शिकार करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
11.	नदी का विषैलापन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
12.	विस्फोटक का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
13.	अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी नए लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
14.	जल, जिसके अंतर्गत कृषि है का संदूषण या प्रदूषण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
15.	नई उच्च वोल्टता पारेषण लाइन/तार बिछाना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
16.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किन्हीं वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई, संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी।
17.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए ही जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिमाण में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) किसी भी स्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
19.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण।	भूमिगत केबलों को प्रोत्साहन देना।
20.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
22.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।

23.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	वायु (ध्वनि सहित) और यानिक प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन किया जाएगा।
27.	प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित ऐसे उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे।
28.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	सुरक्षा बलों के कैंप।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के लिए, पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल कुटीर, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
31.	काष्ठ का संचयन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
32.	झूम की कृषि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
33.	चाय/कॉफी संपदा की स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
34.	होटलो और रिसोर्टो की स्थापना।	संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नही किया जाएगा सिवाय पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप के संबंध में पर्यटको के अस्थायी निवास स्थानो के (ख) एक किलोमीटर के परे और पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापो का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय व्याघ संरक्षण प्राधिकरण के मार्ग – दर्शक सिद्धांतो के अनुरूप किया जाएगा
35.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का कोई नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञातर नही किया जायेगा परन्तु यह की स्थानीय निवासियों को उनकी घरेलु आवरू स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसके अंतर्गत पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, के लिए अनुज्ञात किया जाएगा (ख) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलाप यथा लागु नियमो और विनियमों, यदि कोई हो, के अनुसार विनियमित होगे और न्यूनत्तम पर रखे जाएंगे। (ग) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के आगे और पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के विस्तार तक सदभावी स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण अनुज्ञात किया जाएगा और अन्य संनिर्माण क्रियाकलापों आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होगे। (घ) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में संनिर्माण क्रियाकलाप आचलिक महायोजना के अनुसार किए जाएगे। भीतर किसी प्रकार के नए संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे। प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलाप की दशा में, इसे विनियमित किया जाएगा और न्यूनतम पर रखा जाएगा।
	ग. **संवर्धित क्रियाकलाप**	
36.	डेयरी, डेयरी उद्योग और मत्स्य उद्योग के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी गतिविधियां।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।

37.	वर्षा जल संचयन।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
38.	जैविक खेती।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
39.	सभी गतिविधियो के लिए हरित प्रौद्योगिक को ग्रहण करना	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
40.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
41.	वानस्पतिक बाड	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
42.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।
43.	मिथुन (बोसफ्रंटेलिस) का उत्पादन।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात।

5. पारिस्थितिकीय संवेदी जोन मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) उपायुक्त, चंगलांग जिला, अरुणाचल प्रदेश सरकार - अध्यक्ष ;

(ख) पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि – सदस्य;

(ग) सदस्य-सचिव, अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इतानगर -सदस्य;

(घ) कार्यपालक इंजीनियर, पीएचई विभाग, चंगलांग जिला – सदस्य ;

(ङ) कार्यपालक इंजीनियर, ग्रामीण निर्माण विभाग , चंगलांग जिला – सदस्य ;

(च) जिला कृषि अधिकारी, चंगलांग जिला - सदस्य ;

(छ) उप- निदेशक, नगर विकास, चंगलांग जिला - सदस्य ;

(ज) अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए एक विशेषज्ञ - सदस्य ;

(झ)भू – अभिलेख और बंदोबस्त अधिकारी , चंगलांग जिला – सदस्य ; और

(ञ) वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक, नमदफा व्याघ आरक्षित , मियाओं - सदस्य ;

6. निर्देश निबंधन

(1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(5) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध II** में उपबंधित रूप में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

7. इस अधिसूचना के उपबंध, माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे।

[फा. सं. 25/38/2015-ईएसजेड/आरई]

डा. टी. चांदनी,वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

नमदफा व्याघ्र आरक्षित , अरुणाचल प्रदेश की पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा का इसके अधिकतम और विस्तार के अक्षांश और देशांतर सहित मानचित्र



उपाबंध-II

पारिस्थितिकीय संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, 8th December, 2015

S.O. 3331(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at:- esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Namdapha Tiger Reserve covering an area of 1807.82 kilometres has been notified under section 38V of the Wildlife (Protection) Act, 1972 (53 of 1972) vide number CWL/D/21(11)/06-07/3253-3512 dated the 24th December, 2007 for the protection and conservation of tiger, co-predator, prey base and their habitat as inviolate area;

AND WHEREAS, the buffer zone of Namdapha Tiger Reserve covering an area of 245 square kilometres and notified under section 38V of the said Wildlife (Protection) Act, 1972 *vide* number CWL/D/21(67)/2010-11/797-874 dated the 15th June, 2012 along with core area is among the largest contagious block of tropical rain forest in the country and is extremely important in maintaining contiguity within the north-east Indian forest, playing a vital role in maintenance of water and regime of the region and the broad forest types of the area are Tropical Wet Semi Evergreen to Evergreen forest, Sub-Tropical Broad Leaved Forest and Sub-Temperate Broad- Leaved forest;

AND WHEREAS**,** the major tree species are *Terminalia myriocarpa, Altingia excelsa, Bambax ceiba, Castanopsis indicam, Mesua ferrea, Phoebe goalparensis.* Bamboos as *Dendrocalamus hamiltonii, Bambusa pallida, Pseudostrachyum polymorphum and c*anes as *Calamus floribundus, C. flagellum* are found to occur in the Tiger Reserve;

AND WHEREAS, the major mammal species include *Elephus maximus*, *Panther tigris*, *Panthera pardus*, *Neofelis nebulosa, Ursus thibetanus*, *Macaca assamensis*, *Trachypithecus pileatus*, *Cervus unicolor*, *Muntiacus muntjak*, *Naemorhedus goral*, *Sus scrofa*, *Cuon alpines* etc;

AND WHEREAS, the bird fauna largely comprise of- Babblers, Flycatchers, Jungle fowl, Kingfishers, Laughing thrushs, Nighters, Nuthatchs etc, the herpeto fauna broadly comprise of frogs as- *Bufo* sp., *Duttaphrynus* sp., *Hyla* sp., *Megophyrus* sp., etc and reptiles as Lizards- *Calotes* sp., *Japalura* sp., *Hemidactylus* sp., *Varanus* sp. Skinks as- *Eutrophis* sp., *Lygosoma* sp., Snakes as –*Python* sp., *Ahaetulla* sp., *Amphiesma* sp., *Bungarus* sp., *Naja* sp., *Ophiophagus* sp., Tortoises as- *Cuora* sp., *Pangshura* sp. and the aquatic bodies harbors various fishes as *Danio* sp., *Barilius* sp., *Semiplotus* sp., *Puntius* sp., *Tor* spp., *Chagunius* sp., *Garra* sp., *Noemacheilus* sp., *Glyptothorax* sp. etc.;

